# रायगढ़ स्टेडियम में तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का हुआ शुभारंभ

**❑ प्रदेश के पारंपरिक खेलों से फिर से जुड़ने का माध्यम बन रहा छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक-विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया**





**रायगढ़।** धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने आज रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक में दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक खेलों में हाथ भी आजमाएं एवं विजेता खिलाडिय़ों को मेडल भी प्रदान किए। कार्यक्रम के विधायक राठिया ने आयोजन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक के माध्यम से पारंपरिक खेलों को संजोने का कार्य कर रही है। गांव के लोग अपनी पारंपरिक खेलो को भूल रहे थे, लेकिन आज बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रारंभ किए गए छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है और गेड़ी, फुगड़ी, गिल्ली, डंडा जैसे पारंपरिक खेलों को बड़ी ऊर्जा के साथ खेल रहे है। शासन का उद्देश्य पारंपरिक चीजों को बढ़ावा देना है, चाहे वो खानपान, तीज त्यौहार हो या फिर खेल कूद। उन्होंने सभी खिलाडिय़ों को बधाई देते हुए कहा कि अच्छे से खेलकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जीत हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पहुंच कर ब्लॉक और जिले का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक पारंपरिक खेलो से नई पीढ़ी को परिचित कराने का अच्छा माध्यम है। छत्तीसगढ़ राज्य में छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक का आयोजन से पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने सभी खिलाडिय़ों को अच्छे से खेलने और विजयी होने की शुभकामनाएं दी।

महापौर जानकी काटजू ने कहा कि पारंपरिक खेलों को छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक के माध्यम से बढ़ावा मिला है। इसी प्रकार शासन पारंपरिक तीज त्यौहारों और खान पान को भी प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। यह आयोजन इसलिए भी आवश्यक हो जाता है क्योंकि खेल हमारे शरीर और मन को स्वस्थ रखने का कार्य करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला स्तरीय तीन दिवसीय यह आयोजन 23 से 25 नवम्बर 2022 तक किया जा रहा है। जिसमें रस्साकसी, पिट्टूल, संकली, गिल्ली डंडा, बांटी, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खोखो, बिल्लस, भौरा, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, लंबी कूद एवं 100 मीटर दौड़ को शामिल किया गया है। जिसमें 18 वर्ष से कम बालक बालिका, 18 वर्ष से 40 वर्ष महिला, पुरूष एवं 40 वर्ष से अधिक महिला पुरूष भाग लेंगे। आज आयोजित 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, निगम आयुक्त संबित मिश्रा, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, संजीव चौहान, सपना सिदार, शाखा यादव एवं सब्यसाची बन्दोपाध्याय कार्यपालन निर्देशक जेएसपी उपस्थित रहे।

**फुगड़ी में शिल्पी ने बनाया रिकार्ड-** राजीव युवा मितान क्लब कछार के टीकाराम पटेल, राजेश कुमार साहू ने बताया कि विकासखण्ड रायगढ़ की ग्राम कछार निवासी 10 वर्षीय शिल्पी यादव ने आज फुगड़ी खेल में 63 मिनट के रिकॉर्ड को तोड़कर 64.31 का रिकॉर्ड बनाया है।

**ये रहे विजेता-** आज आयोजित 18 वर्ष से कम आयु वर्ग बालक-बालिकाओ के प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम रायगढ़ विकासखंड के साहिल रूबी लकड़ा, द्वितीय-धरमजयगढ़ विकासखंड के अरविंद राठिया, तृतीय स्थान पर लैलूंगा विकासखंड के नितेश सिदार रहे। इसी प्रकार बालिका वर्ग में प्रथम पुसौर विकासखंड की बबली पाव, द्वितीय-धर्मजयगढ़ विकासखंड की पायल भगत एवं तृतीय स्थान पर तमनार विकासखंड की खुशी सहीस रही।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पार्टनर/प्रशिक्षण प्रदाता हेतु सेक्टरवार संस्थाओं का चयन

**रायगढ़।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज सोसायटी, रायगढ़ में कौशल विकास अंतर्गत प्रशिक्षण संचालन के लिए ट्रेनिंग पार्टनर/प्रशिक्षण प्रदाता के चयन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गयी थी। इस संबंध में गत दिवस आवेदित संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों एवं पॉवर पाईंट प्रेजेन्टेशन का चयन समिति द्वारा परीक्षण के आधार पर प्रदाय किए गए अंकों के अनुसार सेक्टरवार संस्थाओं का चयन किया गया है। चयनित संस्था कार्यालय द्वारा जारी रूचि की अभिव्यक्ति के शर्तो के अधीन 50 हजार रुपये राशि बैंक गारंटी के साथ अनुबंध करते हुए एक माह के भीतर लैब सेटअप (फूड एण्ड वेबरेज सर्विस स्टेवर्ड कोर्स को छोड़कर) करने के साथ ही संबंधित कोर्स में टीओटी प्रशिक्षकों की जानकारी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए डिप्टी कलेक्टर सहायक परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज, सोसायटी, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### 25 नवंबर को शासकीय उ.मा. वि.चक्रधर नगर से मिलेंगे 10 वीं और 12 वीं के परीक्षा फॉर्म

**रायगढ़ और सारंगढ़ जिले के सभी विद्यालयों के लिए फॉर्म होंगे वितरित**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2023 के लिये परीक्षा आवेदन पत्र का वितरण शासकीय उ.मा.वि.चक्रधरनगर रायगढ़ से 25 नवंबर 2022 दिन शुक्रवार को पूर्वान्ह 11 बजे से संभागीय कार्यालय माध्यमिक शिक्षा मण्डल बिलासपुर के अधिकृत अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा वितरण किया जायेगा। जिला-रायगढ़ व जिला- सारंगढ़ के समस्त शासकीय व अशासकीय विद्यालय कि संस्था प्रमुख अथवा उनके प्रतिनिधि उक्त तिथि एवं समय पर स्कूल की समस्त जानकारी एवं संस्था की सील के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## जंगली नर हाथी की मृत्यु की घटना पर धरमजयगढ़ वन विभाग ने की कार्यवाही

**❑ पशु चिकित्सकों के टीम ने जंगली नर हाथी की मृत्यु उम्रदराज होने के कारण प्राकृतिक होना बताया**

**रायगढ़।** वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि वृत्त वन अधिकारी (परिक्षेत्र सहायक) धरमजयगढ़ पूर्व अंतर्गत 22 नवम्बर 2022 को पोटिया परिसर के वनक्षेत्रों में परिसर रक्षक पोटिया एवं परिक्षेत्र सहायक धरमजयगढ़ पूर्व, वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं ग्रामीण हाथी ट्रैकरों के साथ एंटी स्नेयर वॉक के दौरान वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक 400 आरएफ स्थानीय नाम जामघाट दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में 1 नग जंगली हाथी मृत अवस्था में पाया गया। जिसकी सूचना परिसर पोटिया के द्वारा वन परिक्षेत्राधिकारी धरमजयगढ़ एवं उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ तथा वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ एवं वन परिक्षेत्राधिकारी धरमजयगढ़ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ मौका स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। मौका निरीक्षण में पाया गया कि जंगली हाथी जामघाट के पहाड़ में दो पेड़ों के बीच औंधे, मुंह गिरा हुआ दांत जमीन में आधा धसा हुआ मृत पाया गया। निरीक्षण में मृत जंगली हाथी का संपूर्ण अंग सुरक्षित पाया गया। घटना के स्थल के आसपास मौका निरीक्षण किया गया जिसमें किसी प्रकार के अवैध विद्युत तार, फंदा आदि नहीं पाया गया। रात्रि हो जाने के कारण अधीनस्थ कर्मचारियों को घटना स्थल में देखरेख हेतु ड्यूटी लगाया गया तथा वन अपराध प्रकरण क्रमांक 14122/23 दिनांक 22.11.2022 जारी किया गया। पशु चिकित्सा अधिकारियों को शव परीक्षण हेतु सूचना दिया गया।

दिनांक 23 नवम्बर 2022 को प्रात:घटना स्थल एवं 01 कि.मी.की दूरी में सघन भ्रमण कर निरीक्षण एवं संदिग्ध स्थलों का निरीक्षण किया गया। मृत नर हाथी के शव का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा विधिवत वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़, उप वनमंडलाधिकारी की उपस्थिति में कराया गया। पोस्टमार्टम उपरांत जंगली हाथी के शव को वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ एवं उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ के समक्ष विधिवत करते हुए शव दहन की कार्यवाही किया गया। पशु चिकित्सकों के टीम द्वारा जंगली नर हाथी के मृत्यु का कारण उम्रदराज होने के कारण प्राकृतिक मृत्यु होना बताया गया है, प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## वाहन का डाला छोड़ ट्रेलर हार्स चोरी कर ले गए अज्ञात चोर, छत्तीसगढ़-झारखंड बार्डर पर दोनो आरोपी गिरफ्तार

**❑ आरोपियों से 22 लाख का ट्रेलर इंजन हार्स जब्त, भेजा गया रिमांड पर**



**रायगढ़।** जिले की घरघोड़ा पुलिस द्वारा जिला बलरामपुर – रामानुजगंज पुलिस के साथ बेहतर सामंजस्य, नाकेबंदी कर 20 नवम्बर को छाल रोड बाईपास , FCI गोदाम के पास चोरी हुई ट्रेलर वाहन का इंजन हार्स को झारखंड बार्डर रामानुजगंज के पास पकड़ा गया है, आरोपीगण इंजन हार्स को गढ़वा (झारखंड) ले जा रहे थे, अपराध कायमी के महज 10 घंटे के भीतर घरघोड़ा पुलिस की तत्परतापूर्वक कार्रवाई में दोनों आरोपियों को पकड़ा गया है। वाहन ट्रेलर क्रमांक सीजी 13एजी 9955 के स्वामी सुरेन्द्र टंडन (36 साल) द्वारा 21 नवम्बर के दोपहर थाना घरघोड़ा में वाहन के इंजन हार्स चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 21.11.2022 को ट्रेलर वाहन स्वामी सुरेन्द्र टंडन थाना घरघोड़ा में वाहन ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एजी 9955 के इंजन हार्स चोरी के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर बताया गया कि वर्तमान में ट्रेलर वाहन TRN कंपनी भेंगारी घरघोडा से जामपाली कोरबा कोयला खदान से कोयला ढोलाई का कार्य करता है। दिनांक 20.11.2022 के दोपहर 3.00 बजे चालक सौरभ तिर्की वाहन को TRN प्लांट के वाहन वर्कशॉप से खाली वाहन लेकर जामपाली खदान जाने निकला था। दूसरे दिन दिनांक 21.11.2022 के सुबह छाल रोड बाईपास FCI गोदाम के पास उक्त वाहन का ट्राला रोड किनारे खडा था, उसका इंजन हार्स नही था। वाहन चालक सौरभ तिर्की से संपर्क किया, संपर्क नहीं हो पाया। वाहन का इंजन हार्स चोरी के संबंध में थाना घरघोड़ा में अज्ञात आरोपी पर धारा 379 आईपीसी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

माल मुल्जिम पतासाजी दौरान दौरान थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस द्वारा वाहन स्वामी तथा गवाहों से पूछताछ किया गया जो वाहन के ड्रायवर सौरभ तिर्की व उसके साथी कपिलदेव सिंह पर चोरी की शंका जाहिर किये। थाना प्रभारी द्वारा साइबर सेल और मुखबिरों से संदेहियों के संबंध में जानकारी लेने पर उन्हें वाहन को दोनों झारखंड की ओर ले जाने की जानकारी मिला। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को जांच से अवगत कराया गया।

एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा जशपुर, सरगुजा, सूरजपुर एवं जिला बलरामपुर-रामानुजगंज कंट्रोल रूप तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारियों को वाहन इंजन हार्स चोरी की जानकारी देकर नाकेबंदी, पतासाजी को कहा गया और थाना घरघोड़ा की एक टीम ए.एस.आई राजेश मिश्रा के नेतृत्व में माल मुल्जिम पतासाजी के लिये रवाना किये। #घरघोड़ा पुलिस द्वारा जिला बलरामपुर रामानुजगंज से बेहतर तालमेल स्थापित कर झारखंड बार्डर के पास रामानुजगंज में चोरी गये इंजन हार्स को पकड़े, वाहन में सवार सौरभ तिर्की और कपिल देव सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताये कि दिनांक 20/11/2022 के दोपहर टीआरएल प्लांट भेंगारी में दोनों ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एजी 9955 को लेकर पहुंचे और वहीं डाला और इंजन अलग कर इंजन हार्स को लेकर दोनों गढ़वा जा रहे थे। गवाहों के समक्ष घरघोड़ा पुलिस द्वारा आरोपी सौरभ तिर्की और कपिल देव सिंह से ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एजी 9955 का इंजन हार्स कीमती 22 लाख रूपये को जप्त कर आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह बैस, ए.एस.आई. राजेश मिश्रा, आरक्षक आशिक पन्ना, कन्हैया भगत तथा रामानुजगंज पुलिस की अहम भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी- (1) सौरभ तिर्की पिता छोटेलाल तिर्की उम्र 23 साल निवासी जनौती थाना भंडरिया जिला गढ़वा (झारखंड) (2) कपिलदेव सिंह पिता धनराज सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी बधवार थाना भंडरिया जिला गढ़वा (झारखंड) दोनों हाल मुकाम कटंगडीह टीआरएल वर्कशॉप थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़।

## एमएसपी प्लांट स्टोर से कॉपर पाईप चोरी मामले में अपचारी बालक और आरोपी युवक गिरफ्तार

**❑ चक्रधरनगर पुलिस ने पूर्व में आरोपियों से जब्त की थी 70000 रुपए कीमती कॉपर पाईप**



रायगढ़। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा एमएसपी जामगांव फैक्ट्री के स्टोर से कॉपर पाईप चोरी मामले के दो फरार आरोपियों को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है जिसमें एक विधि के साथ संघर्षरत बालक है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 07.11.2022 को एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड जामगांव में सिक्योरिटी मैनेजर के पद पर कार्यरत अरविंद कुमार वर्मा (उम्र 58 वर्ष) थाना चक्रधरनगर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि प्लांट में कार्यरत सुरक्षाकर्मी दिनांक 06.11.2022 को प्लांट के एसएमएस स्टोर में रखे करीब रु.70,000 कीमती के कॉपर पाइप को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गये थे। प्लांट के कर्मचारी और गार्ड आसपास गांव में पता किये और चोरी को लेकर भोला राम निषाद और उसके साथियों पर शंका जताये थे, रिपोर्टकर्ता अरविंद कुमार वर्मा के रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध चोरी का अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रवीण मिंज थाने सहायक उपनिरीक्षक प्रकाश नारायण पांडे, प्रधान आरक्षक लोमस सिंह, आरक्षक शैलेंद्र सिंह द्वारा संदेहियों के पता तलाश दौरान छापेमारी कर आरोपी आकाश राठिया (19 साल) निवासी मनुवापाली और भोला राम निषाद (33 साल) निवासी सियारपाली थाना चक्रधरनगर को हिरासत में लेकर उनके मेमोरेण्डम पर कॉपर पाइप कीमत रु.70,000 का जप्त किया गया था। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। संदेही प्रहलाद यादव और उसका एक अन्य साथी फरार था जिसे आज मुखबिर सूचना पर पेट्रोलिंग दौरान एएसआई प्रकाश नारायण पांडे, प्रधान आरक्षक लोमश सिंह, एवं आरक्षक शैलेंद्र सिंह द्वारा हिरासत में लेकर थाने लाया गया। आरोपी प्रहलाद यादव पिता सत्यानंद यादव उम्र 23 साल निवासी मनुवापाली चक्रधरनगर एवं एक किशोर बालक को हिरासत में लिया गया। दोनों अपने साथी भोला राम निषाद और आकाश राठिया के साथ मिलकर कॉपर वायर चोरी करना कबूल किये हैं, जिन्हें सक्षम न्यायालय रिमांड पर पेश किया गया है।

## जिले के विभिन्न गौठानों में 'गौठान पर गोठ' कार्यक्रम की होगी शुरूआत : कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना पर ली विशेष बैठक

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना पर विशेष ध्यान देते हुए कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना से जुड़े सभी विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उक्त बैठक में कलेक्टर ने आंकड़ों की समीक्षा करने के बाद कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी लोगों को समझाइश दी कि गोबर विक्रेताओं की संख्या बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें, सभी गौठानों पर काम दिखना चाहिए। आज से ही सभी दल बनाकर काम बांट कर कार्य करना शुरू कर दीजिए और एप में एंट्री करते जाइए, अगर सही समय पर काम नहीं करेंगे तो सभी कार्यवाही के लिए तैयार रहें। गौठानों में गोबर खरीदी और केंचुए की मात्रा की कमी को गौठान प्रबंधन समिति के माध्यम से केचुएं की अनुलब्धता को दूर करने के निर्देश दिए। गौठानों में गोबर के डेटा और खाद के डेटा इसमें जो भी गड़बड़ी है, पंचायतों में जो भी डेटा भी गड़बड़ी है सप्ताह भर के अंदर इस पर तय फार्मेट के अनुसार उसे दुरूस्त करने को कहा। इसके साथ ही वर्मी खाद के लिए बोरी की खरीददारी ग्राम पंचायत गोड़म स्थित स्व-सहायता समूह से करने को कहा। इसके अलावा जहां-जहां गौठान का निर्माण हुआ है, जो जगह जियोटैग में नहीं जुड़े हैं, उस जगह को जियोटैग में एंट्री कर उस काम को पूरा करने को कहा। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने इसके पश्चात आगामी दिनों में गौठानों में होने वाले कार्यक्रम 'गौठान पर गोठ' के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान ग्रामीण विस्तार अधिकारी एवं सभी रोजगार सहायक वहां उपस्थित होंगे। गोबर विक्रेताओं की संख्या उनके रजिस्ट्रेशन को बढ़ाने पर बात करनी है, साथ ही उन्हें गोमूत्र खरीदी के लिए प्रेरित करना है, इसके साथ ही प्रत्येक गौठान में तीन क्विंटल गोबर खरीदी हो इसके लिए सभी को प्रोत्साहित करना है एवं पैरादान की मात्रा को भी बढ़ाना है। इसके अलावा गौठानों में आजीविका संबंधी क्या और गतिविधि शुरू कर सकते हैं, इस पर ध्यान दें। हाट-बाजार के संबंध में भी बात करना है। मातृत्व सुरक्षा कार्यक्रम एवं बाल सुरक्षा पर भी चर्चा करनी है। पशु टीकाकरण से संबंधित जो भी हैं, वे वहां उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में अगर राजीव गाँधी भूमिहीन योजना के पात्र लोग अगर कोई छूट गये हैं उनके आवेदन इसमें लिए जाएंगे। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने कहा कि वे खुद इस कार्यक्रम में हिस्सेदारी लेंगी।

## कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की ली समीक्षा बैठक

**❑ राजस्व से संबंधित लंबित प्रकरणों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के दिए निर्देश**



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने राजस्व मामलों के सुदृढ़ीकरण करने के लिए सभी को अवगत कराया कि आगामी दिनों में एक पृथक रेवेन्यू शिविर का आयोजन किया जाएगा, यह शिविर आने वाले एक महीने तक चलेगा या उससे अधिक समय तक चल सकता है। इस शिविर के माध्यम से दुरतगति से राजस्व मामलों का निपटारा किया जाएगा। डिजिटल हस्ताक्षरित खसरों की जानकारी के बारे में सभी अधिकारियों को कहा कि पटवारी को बुलाकर सप्ताह में एक बार खसरे के मामलों का निराकरण करें, साथ ही निजी खातेदार/सहखातेदार एवं आधार प्रविष्टि की जानकारी पटवारी को साथ में बैठाकर कराने को कहा। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने समीक्षा बैठक के दौरान विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, सीमांकन के मामले, वृक्ष कटाई के आवेदन, आनलाईन समय-सीमा के प्रकरण, न्यायालय के राजस्व प्रकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, आय जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के आवेदन, अभिलेख शुद्धता रिपोर्ट, नक्शा आबंटन की जानकारी, नामांतरण पंजी की जानकारी, अतिक्रमित शासकीय भूमि व्यवस्थापन, शासकीय भूमि आबंटन, भू-अर्जन प्रकरण, नजूल भू-भाटक वसूली एवं नगरीय क्षेत्रों में शासकीय नजूल भूमि आबंटन की जानकारी लेते हुए लंबित मामलों पर शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व का मामला ऐसा होता है कि जिसमें हमेशा ही समस्याएँ रहती हैं, इसलिए हमें इस पर बहुत ही संवेदनशीलता से काम करना चाहिए। आप गरीबों और जरूरतमंदों की मदद कर सकें, इसे अच्छे से करिए, जैसे किसी का राशन कार्ड, भूमि सुधार या अन्य कोई भी मामला है, ऐसे लोग बहुत उम्मीद लिए हमारे पास आते हैं, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरिए, उनका काम सही समय पर करेंगे तो उनकी दी हुई दुआएं भी काम करती हैं।

बैठक के दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर डॉ.स्निग्धा तिवारी सहित राजस्व विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 18 वर्ष पूर्ण होने जा रहे विद्यार्थियों का मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने कालेज एवं स्कूल में चल रहा अभियान : मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 5 जनवरी तक



**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रानू साहू के निर्देशन में आज विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के संबंध में अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय की अध्यक्षता में सृजन सभाकक्ष में सर्व महाविद्यालय एवं विद्यालयीन प्राचार्यो की बैठक आयोजित की गई।

अपर कलेक्टर पाण्डेय ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग 18 साल की उम्र पूरी कर चुके कॉलेज छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में जोडऩे के लिए विशेष अभियान चला रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट कॉलेज सहित हायर सेकेण्डरी स्कूलों में ऐसे छात्र पंजीकृत किए जाएंगे जिनकी उम्र 1 जनवरी 2023 को 18 साल पूरी होने जा रही है। विद्यालय के ऐसे सभी छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जुड़ा होना आवश्यक है। इसी तरह स्कूल में पढऩे वाले सभी विद्यार्थी जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने जा रही है उनका प्राथमिकता से नाम मतदाता सूची में जोड़े। इसके लिए उनका ऑनलाईन फार्म भरवाना सुनिश्चित करें। ऑनलाईन फार्म भरवाने के सबसे अहम फायदा यह होगा कि संबंधित व्यक्ति के घर उसका इपिक कार्ड बनकर पहुंचेगा। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने डीईओ को कहा कि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को भी अवगत कराये कि वे रूचि लेकर इस कार्य में अपनी सहभागिता निभाये। इसके लिए वे गांव-गांव में जाकर जागरूकता अभियान चलाये, रैली निकाले एवं जन-जन तक संदेश पहुंचाये कि मतदान आवश्यक है और नये सभी नये मतदाताओं का ऑनलाईन फार्म भरवाना सुनिश्चित करें।

संयुक्त कलेक्टर डी.एल. रात्रे ने बताया कि अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं से जरूरी दस्तावेज जैसे-अंकसूची, आधार, माता-पिता दोनों में से किसी एक के परिचय पत्र की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साईज का फोटो प्राप्त कर नाम बढ़ाने के लिए निर्धारित फार्म 6 में आवेदन प्राप्त करेगा। अभियान अवधि के दौरान प्राप्त सभी फार्म संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा होंगे। इस कार्य में निर्वाचन संबंधी कार्य के लिए कॉलेज व हायर सेकेण्डरी स्कूल में नियुक्त कैंपस एंबेसेडर एवं उनके नोडल अधिकारी भी सहयोग करेंगे।

मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 9 नवम्बर 2022 से शुरू हुआ है जो कि 5 जनवरी 2023 तक चलेगा। जिसके तहत सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 9 नवम्बर, दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 9 नवम्बर से 8 दिसम्बर 2022, दावा-आपत्ति निराकरण करने की अवधि 26 दिसम्बर 2022 तक, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2023 तक निर्धारित है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने फार्म-6, मृतक का स्थानांतरित मतदाता का नाम हटवाएं फार्म-7, मतदाता प्रविष्टि में सुधार करवाने फार्म-8 एवं पते में परिवर्तन दर्ज करवाने हेतु फार्म-8 उपलब्ध है।

इस दौरान प्राचार्य प्रीतिबाला बैस, जिला शिक्षा अधिकारी बाखला, डॉ.नरेन्द्र पर्वत, फकीर मोहन षडंगी सहित सर्व महाविद्यालय एवं विद्यालयीन प्राचार्य उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480